हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 14 मार्च 2024

04 जल स्त्रोतों में संग्रहित जल को पेयजल व घरेलू ...



07 किसान की शिकायत के बाद आष्टा मंडी सचिव...





## खबर संक्षेप



### शासकीय महाविद्यालय नलखेड़ा में दिखाया कार्यक्रम का प्रसारण

**नलखेड़ा।** उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देशानुसार सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित रानी अवंती बाई लोधी विश्वविद्यालय सागर के वैकल्पिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य डॉ. जीएल रावल सहित महाविद्यालय का स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### नगर परिषद में प्रधानमंत्री के वर्चुअल कार्यक्रम को दिखाया



**नलखेड़ा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार शाम 4 बजे केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वर्चुअल कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें समाज के वंचित वर्ग तक पहुंचकर सरकार की योजनाओं की उपलब्धि को दिखाया गया। स्थानीय नगर परिषद में भी गणमान्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान लाइव वेबकास्ट द्वारा नगर परिषद कार्यालय में सफाई एजेंसी में कार्यरत, सीवेज कार्य संबंधी सफाई कर्मी, अनुसूचित जाति एवं पिछडा वर्ग के हितग्राहियों व योजना अतर्गत पात्र समस्त हितग्राहियों को ऋण राशि का अंतरण एवं आयुष्मान कार्ड का वितरण भी किया गया। आयोजन का सीधा प्रसारण कार्यक्रम बुधवार को 4 बजे नगर परिषद कार्यालय में किया गया।

### किसान अब 16 तक करा सकते हैं पंजीयन

**सीहोर।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन करने के लिये पंजीयन की अवधि 10 मार्च तक निर्धारित की गई थी। अब प्रदेश के गेहूं उत्पादक किसानों को समर्थन मूल्य पर खाद्यान्न विक्रय के अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के लिये किसान पंजीयन की अवधि 16 मार्च तक बढ़ा दी है।

### अनुबंध पत्र का पंजीयन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

**सीहोर।** अचल सम्पत्ति क्रय-विक्रय के अनुबंध (सौदा-चिट्ठी) का पंजीयन आवश्यक है। भारतीय रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1908 की धारा-17 के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों भूमि, भवन, फ्लेट, प्लॉट, दुकान, गोडाऊन, कार्यालय इत्यादि को खरीदने या विक्रय के एग्रीमेंट का पंजीयन सब रजिस्ट्रार कार्यालय में करना अनिवार्य है।

## कुबेरेश्वरधाम पर निर्मित शिवलिंग पर फुलेरा दूज के दिन एक लाख से अधिक धतूरा अर्पित किए

# जब दुख तकलीफ की घड़ी आती है, तब जिस चीज की जरूरत होती है वहां हमें जाना पड़ता है: पं. प्रदीप मिश्रा

### कथा के छठवें लाखों श्रद्धालुओं को 5 हजार से अधिक सेवादारों ने भोजन प्रसादी का वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



इस साल भी महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रुद्राक्ष महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। हर रोज लाखों की संख्या में श्रद्धालु आस्था और उत्साह के साथ जिला मुख्यालय के समीपस्थ चितावलिया हेमा स्थित निर्माणाधीन मुरली मनोहर एवं कुबेरेश्वर महादेव मंदिर के भव्य परिसर में आ रहे है। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा शिव महापुराण कथा सुना रहे हैं. उनके कथा कार्यक्रम में रोजाना लाखों भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। भक्तों के लिए पार्किंग और बैठक व्यवस्था सहित खाने-पीने की भी व्यवस्था की गई है। कथा कार्यक्रम में हर दिन लगभग 100 क्विंटल से अधिक आटे की चपती, 40 क्विंटल से अधिक खिचड़ी, 40 क्विंटल से अधिक चावल, दही की ठंडाई और नींबू पानी बांटा जा रहा है। इसके अलावा जिला प्रशासन ने यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पुलिस सहायता केन्द्र और चिकित्सालय की व्यवस्था की है, जनपद पंचायत और समाजसेवियों की ओर से 100 से अधिक पानी के टैंकरों की व्यवस्था की गई है।

मंदिर परिसर के पीछे 55 एकड़ ग्राउंड में सीहोर वाले कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का कथा कार्यक्रम जारी है. पंडाल में लगभग 6 लाख श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की गई है। कथा कार्यक्रम में हर दिन लाखों भक्त शिव महापुराण कथा सुनने के लिए आ रहे हैं। इस दौरान गर्मी को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम में नींबू पानी और ठंडाई का वितरण किया जा रहा है. इसके अलावा पंडाल में रुके लोगों को रात के वक्त आधुनिक रसोई से खाने की व्यवस्था की जा रही है। मंगलवार को करीब 15 लाख से अधिक भक्तों को दोनों समय के भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। मंगलवार कुबेरेश्वरधाम पर निर्मित शिवलिंग पर फुलेरा दूज के दिन एक लाख से अधिक धतूरा अर्पित किया गया। इस मौके पर मध्य रात्रि से ही यहां पर भक्तों का सैलाब आस्था से उमड़ा हुआ था।

शिव महापुराण के छठवे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। कथा स्थल में उपस्थित जनसमूह मंत्रमुग्ध होकर अंतराष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा के मुखारबिंद से शिव कथा का श्रवण किया। पंडित श्री मिश्रा अपने प्रवचन में बताया कि जब दुख तकलीफ की घड़ी आती है, तब जिस चीज की जरूरत होती है वहां हमें जाना पड़ता है। दुख के घड़ी में अवश्य रूप से भगवान शिव के पास एक लोटा जल और चावल के दाने, बेल पत्र लेकर जाइए भगवान शिव को कुछ नहीं चाहिए बस आप श्रद्धा दीजिए



सारी दुनिया में किए गए व्रत, दान का पुण्य भले फलदायी न हो परंतु भगवान शिव को चढ़ाया गए समर्पण, बेलपत्र, अक्षत और जल का फल आपके साथ जीवन भर रहेगा। उसका पुण्य कभी समाप्त नहीं होता है।

**शिव पुराण के अनुसार शिवकथा का स्थल कैलाश का प्रतीक होता :** पंडित श्री मिश्रा ने कहा कि श्रद्धालुओं की शिव से आस्था है, भक्त देर रात तक भजन कीर्तन करते हैं और सुबह ठंडे पानी में नहाकर शिव जाप करते हुए शिव कथा का इंतजार करते हैं। उनसे बड़ा साधु कोई नहीं हो सकता है। शिव पुराण के अनुसार शिवकथा का स्थल कैलाश का प्रतीक होता है। संगत का जीवन में बहोत असर होता है। तुम कहां बैठ रहे हो तुम किसके साथ बैठ रहे हो उस परिस्थितियों से उस व्यक्ति की कीमत आंकी जाती है। जो व्यक्ति अपने माता पिता का कहना छोड़ दूसरों की बात मानता है वो अपने विनाश को आमंत्रित करता है। उन्होंने बताया कि भगवान शिव को जो दिल से जपता है, उसे बाबा दिल से सुनते हैं। जीवन के इस यात्रा में सभी समस्याओं का एक ही हल एक लोटा जल और शिवतत्व है।

### भगवान शंकर की करूणा और कृपा संपूर्ण विश्व में व्याप्त

भगवान शंकर की करूणा और कृपा संपूर्ण विश्व में व्याप्त है। उनकी कृपा दृष्टि से ही यह जगत संचालित है। जब तक शिव की कृपा नहीं होती जीवन में हम एक कदम भी आगे नहीं बढ़ा सकते। उन्होंने बताया कि शिवपुराण में चौबीस हजार श्लोक हैं। उनमें से एक श्लोक ही नहीं बल्कि एक शब्द मात्र को भी अपने जीवन मे धारण करने से इस मानव देह का हेतु सिद्ध हो जाता है।

### श्रद्धालुओं ने अर्पित किया धतूरा

फुलेरा दूज के दिन एक धतूरा शंकर जी के शिवलिंग पर अपने मन की अभिलाषा कर के समर्पित करने से बाबा आपकी मनोकामना शीघ्रता से पूरी कर देते हैं। इस कामना को लेकर एक लाख से अधिक शिव भक्तों ने धतूरा और जल अर्पित किया।

## फिल्म फेस्टिवल में नलखेड़ा का लोक कला दल देगा मटकी लोक नृत्यों की प्रस्तुति



**नलखेड़ा।** नगर की सुप्रतिष्ठित संस्था संगीत जन कल्याण एवं शोध संस्थान समिति कबीर कुटी प्रतापपुरा नलखेड़ा के सचिव आकाशवाणी एवं दूरदर्शन व राष्ट्रीय स्तर के कलाकार म्हारो मालवो मालवी मटकी लोक नृत्य समूह के संचालक महेश कुलश्रेष्ठ एवं साथी दल द्वारा 14 मार्च को अंतरराष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम प्रेस्टीज इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च द्वारा आयोजित इंदौर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल जो कि 14 से 16 मार्च तीन दिन तक आयोजित होगा, इसके प्रथम दिन इनगरल सेरेमनी जो कि सायं 5 बजे से फ़ीनिक्स सिटाडेल मॉल इंदौर में होगी। इसमें मालवा के सुप्रसिद्ध मालवी मटकी लोक नृत्यों की प्रस्तुतियां देंगे।

इस फिल्म फेस्टिवल में अन्नू कपूर व बृजेंद्र काला सहित कई सेलिब्रिटी देश विदेश से आएंगी। इस अवसर पर नगर वासियों सहित आगर मालवा जिले वासियों, वरिष्ठ अधिकारियों, साहित्यकारों व कलाकारों ने महेश कुलश्रेष्ठ ओर उनके नृत्य कला दल के कलाकारों को शुभकामनाएं प्रेषित की।

# झूठी शिकायत करने पर कलेक्टर ने कर्मचारी को किया सस्पेंड

### प्रमाण पत्रों को सोशल मीडिया, वाट्सएप और फेसबुक के ग्रुप में सार्वजनिक रूप से वायरल किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

विकासखंड अंतर्गत बड़ागांव संकुल में कार्यरत पन्नालाल वर्मा द्वारा नलखेड़ा विकासखंड कार्यालय में कार्यरत लेखपाल अनिल सोनी की पत्नी की नसबंदी ऑपरेशन की जानकारी तत्कालीन जिला शिक्षा अधिकारी तथा तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी से सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत नियम विरुद्ध जानकारी प्राप्त कर प्राप्त जानकारी टीटीई ऑपरेशन के प्रमाण पत्र को शिक्षक पन्नालाल वर्मा द्वारा भ्रामक, अवैध, कूटरचित, अप्रमाणित बताकर लंबे समय तक लेखपाल अनिल सोनी और उनकी पत्नी नीता सोनी को मानसिक रूप से परेशान और प्रताड़ित किया गया तथा अनावश्यक रूप से ब्लेकमेल करने की कोशिश की। जब इनके द्वारा पन्नालाल वर्मा द्वारा दी गई धमकियों को नहीं माना गया तो पन्नालाल वर्मा ने प्रमाण पत्रों को सोशल मीडिया, वाट्सएप और फेसबुक के ग्रुप में सार्वजनिक रूप से वायरल किया गया। जिससे शिक्षा जगत और उनके समाज में अनिल सोनी और उनकी पत्नी की छवि धूमिल करने की कोशिश की गई। उसके बाद टीटीई ऑपरेशन के प्रमाण पत्र को फर्जी बताकर पन्नालाल वर्मा द्वारा कमिश्नर उज्जैन एवं संयुक्त संचालक उज्जैन को अनिल सोनी और इनकी पत्नी नीता सोनी की शिकायत कर जांच और निलंबन की मांग की गई। शिकायत पर कमिश्नर उज्जैन के निर्देश पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण उज्जैन एवं जिला शिक्षा कार्यालय आगर मालवा के संयुक्त दल द्वारा प्रकरण की जांच की गई।

जांच के दौरान सोनी दंपती द्वारा जांच में नसबंदी से संबंधित समस्त डाक्यूमेंट्, प्रमाण पत्र आदि जांचकर्ता अधिकारियों को प्रस्तुत किए गए। लेकिन शिकायतकर्ता पन्नालाल वर्मा ऐसे कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर पाए जिससे ये साबित हो सके की प्रमाण पत्र फर्जी, भ्रामक, अवैध हैं अर्थात शिकायत निराधार पाई गई। जांचकर्ता अधिकारियों ने जांच रिपोर्ट संयुक्त संचालक लोक शिक्षण उज्जैन को प्रस्तुत की। झूठी शिकायत करने और मानसिक रूप से परेशान करने तथा शिक्षा विभाग और समाज में छवि धूमिल करने पर नीता अनिल सोनी द्वारा पंन्नालाल वर्मा की शिकायत कमिश्नर एवं संयुक्त संचालक से की गई। जिस पर पुनः संयुक्त संचालक उज्जैन द्वारा पंन्नालाल वर्मा को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया, जिसमें नसबंदी के प्रमाण पत्र के फर्जी होने के प्रमाण मांगे गए। परंतु वर्मा ऐसे कोई ठोस सबूत प्रस्तुत नहीं कर पाए कि श्रीमती सोनी का प्रमाण पत्र फर्जी है।

इस पर संयुक्त संचालक लोक शिक्षण उज्जैन संभाग उज्जैन द्वारा दिनांक 05 जनवरी 2024 को पन्नालाल वर्मा के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए जिला शिक्षा अधिकारी आगर मालवा को प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। कलेक्टर जिला आगर मालवा द्वारा प्रकरण को संज्ञान में लेकर आदेश क्रमांक 930-931 आगर मालवा दिनांक 12 मार्च से पन्नालाल वर्मा सहायक शिक्षक मावि बड़ागांव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर निलंबन अवधि में मुख्यालय सुसनेर बनाया है।

### क्या हैं नसबंदी प्रमाण पत्र के लाभ

शासन के नियमानुसार यदि कोई शासकीय सेवक दो जीवित बच्चों पर अपनी स्वयं की या अपनी पत्नी की नसबंदी करवाते हैं तो उन्हें उनके प्राप्त वेतन में एक विशेष वेतन वृद्धि का लाभ प्राप्त होता है। इसी नियम के तहत अनिल सोनी द्वारा अपने दो जीवित बच्चों पर पत्नी नीता सोनी का 26 दिसम्बर 2014 को नसबंदी ऑपरेशन कराया था और शासन के नियम से एक विशेष वेतन वृद्धि का लाभ लिया था। पन्नालाल वर्मा ने इसी लाभ को झूठा बात कर अनिल सोनी की वेतन की वसूली और कार्रवाई के लिए शिकायत की थी।

## नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

# 2.70 करोड़ से होगा सीवन के घाटों का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर को विकसित और सुंदर बनाए जाने के लिए नगर पालिका ने अरबों रुपए के कार्य कराए है। सोमवार को शहर की जीवनदायनी सीवन के घाटों के सौंदर्यीकरण को लेकर करीब दो करोड़ 70 लाख के विकास कार्य का मुख्य अतिथि विधायक सुदेश राय की उपस्थिति में नगर पालिका के अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कराया। इस मौके पर नगर पालिका के पार्षद और अधिकारियों के अलावा क्षेत्रवासी मौजूद थे।

इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने कहा कि सीवन नदी के घाटों के कायाकल्प का रास्ता खुल गया है। सीवन के घाटों का निर्माण करीब दो करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। साथ ही इन घाटों का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। इसको लेकर सोमवार को घाट पर भूमिपूजन किया। सीवन नदी के दोनों तरफ सौंदर्यीकरण कार्य करने व घाटों की मरम्मत करने के लिए नपा परिषद ने प्लान तैयार किया था। सीवन के घाटों का निर्माण दो करोड़ 70 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक श्री राय ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर के कार्यकाल में शहर तेजी से विकसित हो रहा है। प्रदेश सरकार और हमारा सहयोग क्षेत्रवासियों के लिए हमेशा रहेगा। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार करीब दो करोड़ 70 लाख की राशि से आगामी दिनों में सुंदर वन के सौंदर्यीकरण के अलावा सीवन नदी के पुरुष घाट, महिला घाट और चदर पुल तक का स्टोन पिचिंग का कार्य आदि किया जाएगा। इसके अलावा आगामी दिनों पर घाट पर रोशनी आदि की व्यवस्था की भी योजना नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर के द्वारा बनाई जा रही है। हर साल भागवत भूषण पंडित प्रदीप मिश्रा के आह्वान पर लाखों की संख्या में कावड यात्रा का आयोजन सीवन घाट पर किया जाता है, इसको ध्यान में रखते हुए यह योजना बनाई जा रही है कि सीवन का सौंदर्यीकरण आदि किया जाए। भूमि पूजन के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद थे।



# बड़ागांव में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

**नलखेड़ा।** तहसील के नगरीय क्षेत्र बड़ागांव में खेड़ापति हनुमान बावड़ी पर उदय फ्रेंड्स क्लब के सहयोग से अमलतास अस्पताल देवास द्वारा निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में 58 मरीजों का परीक्षण किया गया, जिसमें से 16 को निःशुल्क देवास ले जाकर उचित उपचार किया जाएगा। बुधवार को बड़ागांव में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में नगर व आसपास के ग्रामीण नागरिकों ने शिविर में भाग लेकर अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निवारण करवाया। शिविर में विभिन्न बीमारियों के 58 मरीज का स्वास्थ्य प्रशिक्षण हुआ। इनमें से 16 मरीजों को उचित उपचार के लिए गुरुवार को एम्बुलेंस से देवास लेजाया जाएगा।



### ग्राम धान्याखेड़ी में निकली जल कलश यात्रा

**नलखेड़ा।** केन-बेतवा लिंक परियोजना एवं पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना में तहसील के संभावित लाभान्वित गांव में शामिल ग्राम धान्याखेड़ी में मंगलवार को ग्रामीणों द्वारा जल कलश यात्रा निकाली गई तथा जल पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम हुए। कलश यात्रा में महिलाएं व बालिकाएं सिर पर मंगल कलश लिए चल रही थीं। कलश यात्रा ने सम्पूर्ण ग्राम का भ्रमण किया। इस दौरान जल संसाधन विभाग के अधिकारी, सरपंच, सचिव, ग्राम सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



**खबर संक्षेप**

## नेत्रदान कर जाते-जाते भी कर गई किसी और की दुनियां रोशन



**चापडा।** स्व. मनोहर लाल सुराणा की धर्मपत्नी मनीष, अंतिम की माता आशीष की काकी विमला बाई सुराणा का हृदय गति रुकने से मंगलवार को निधन हो गया था। सुराणा के निधन के पश्चात परिवार ने स्व. विमला बाई के नेत्रदान करने का निर्णय लिया। ताकि माता की भावना के अनुरूप वे मरणोपरांत किसी और की मदद कर सके। निर्णय लेते ही परिवार जन ने विगत कई वर्षों से नेत्रदान की मुहिम चला रहे ,चापडा जैन श्री संघ के सचिव समाजसेवी राजेश दुग्गड़ के माध्यम से रात्रि करीब चार बजे इंदौर से मुस्कान ग्रूप के डॉ संदीपन आर्य, डॉ जीतू बगानी व डॉ अनिल गोरे की टीम के नेतृत्व मे चापडा पहुंची और उसके पश्चात माता का नेत्रदान किया गया।

## अनुविभागीय अधिकारी को धर्म परिवर्तन को लेकर की गई शिकायत

**बागली।** पुंजापुरा निवासी किसान नेहरसिंह पिता बेस्ता जाति भीलाला व्दारानबागली एसडीओपी कार्यालय में लिखित रुप में एक शिकायत कि गई, जिसमें बताया गया कि कुछ लोग शिकायतकर्ता पर धर्म परिवर्तन करने के लिए दबाव बना रहे हैं,ओर खेती नहीं करने दे रहे हैं। शिकायत में लक्ष्मण पिता भिकु जाति भीलाला,नन्दु पिता भिकु , संजु पिता भिक जाति भीलाला,सुशीलाल बाई पति लक्ष्मण जाति भीलाला, कुन्ताबाई पति नन्दु जाति भीलाला, रमेश पिता भिकु जाति भीलाला निवासीगण ग्राम केवटीयापानी तहसील उदयनगर के खिलाफ शिकायत कि गई है। शिकायत में बताया जा रहा है कि नेहरसिहं कि कृषि भूमि ग्राम केवटीयापानी तहसील उदनगर में है। उक्त लोगों द्वारा कब्जा किया जा रहा है, और शिकायत कर्ता को उक्त कृषि भूमि पर से फसल नहीं निकालने दे रहे है, और उक्त कृषि भूमि पर कृषि कार्य के बदले में धर्म परिवर्तन के लिए उकसाया व परेशान किया जा रहा है। अगर तुमने ईशु धर्म नहीं अपनाया तो तुम्हे हम यहाँ पर खेती भी नहीं करने देंगे, और मुझ को धर्म परिवर्तन के लिए परेशान कर रहे है। आवेदन में मांग की गई है कि उक्त लोगों के खिलाफ उचित कार्रवाई कि जाएं। वही संबंधित अधिकारी ने इस मामले में जांच कर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

## शिकायत निवारण फोरम का आयोजन आज

**देवास।** कार्यपालन यंत्री (शहर संभाग) मप्र प.क्षे.वि.वितरण कंपनी लिमिटेड देवास ने बताया कि 14 मार्च गुरुवार को दोपहर 12.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम का आयोजन वृत्त स्तर पर गठित टीम द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि फोरम का आयोजन कार्यपालन यंत्री (शहर संभाग) म.प्र.प.क्षे.वि.वितरण कंपनी लिमिटेड आनंद बाग परिसर एबी रोड देवास में होगा।

### कलेक्टर गुप्ता ने जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र किया घोषित

# जल स्त्रोतों में संग्रहित जल को पेयजल व घरेलू उपयोग के लिए रखेंगे सुरक्षित

जिले में जल स्त्रोतों से किसी भी साधन से सिंचाई करना रहेगा प्रतिबंधित। जल संरक्षण की दृष्टि से सम्पूर्ण जिले में नलकूप खनन प्रतिबंधित रहेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले में संभावित घरेलू/पेयजल संकट से निपटने एवं आमजन सहित पशु-पक्षी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मध्य प्रदेश पेयजल परीक्षण अधिनियम 1986 की धारा 3 में प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए देवास जिले को ₹जल अभावग्रस्त क्षेत्र'' घोषित कर सभी जल स्त्रोतों बांध, नदी, नहर, जलधारा, झरना, झील, जलाशय, नालाबंधान, नलकूप या कुओं से किसी भी साधन से सिंचाई करना 30 जून 2024 तक प्रतिबंधित किया है। आदेश का उल्लंघन करने पर प्रथम अपराध के लिए 05 हजार रूपये के जुर्माने से और पश्चातवर्ती प्रत्येक अपराध के लिए 10 हजार रूपये के जुर्माने या 02 वर्ष तक के कारावास से दंडनीय होगा।

कलेक्टर गुप्ता ने जिला स्थित समस्त जल स्त्रोतों में संग्रहीत जल को पेयजल एवं घरेलू उपयोग के लिए सुरक्षित करते हुए निर्देश जारी किये हैं। कोई भी व्यक्ति किसी भी जल स्त्रोत से सिंचाई के लिए जल उपयोग नहीं करेगा। जल संरक्षण की दृष्टि से सम्पूर्ण जिले में नलकूप खनन प्रतिबंधित रहेगा। जिले की राजस्व सीमा क्षेत्र में नलकूप/बोरिंग मशीन द्वारा किसी भी प्रकार का खनन नहीं किया जायेगा।

वर्तमान जल स्त्रोतों से पेयजल/घरेलू या निस्तार प्रयोजन को छोड़ अन्य किसी प्रयोजन के लिए भी जल उपयोग प्रतिबंधित होगा। आवश्यक होने पर अनुभाग अंतर्गत संबंधित ₹अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/ अनुविभागीय दण्डाधिकारी किसी क्षेत्र में नल जल योजना न होने अपेक्षित स्थान के आसपास हेण्डपम्प कुंओं न होने अपेक्षित स्थान से 150 मीटर के रेडियस में नलकूप या कुंआ न होने, अन्य पेयजल स्त्रोतों पर विपरीत प्रभाव न पड़ने आदि का परीक्षण पीएचई विभाग के सक्षम तकनीकी अधिकारी से करवाकर नलकूप खनन की अनुमति जारी कर सकेंगे।

यदि देवास जिले में कही पर भी नलकूप खनन की अनुमति प्रदान की जाती है तो आवेदक को निर्धारित फीस का भुगतान करना आवश्यक होगा। शासकीय संस्थाओं के लिए उपरोक्त प्रतिबंध लागू नहीं होंगे, किन्तु तत्संबंधी कार्यों की जानकारी संबंधित विभाग द्वारा क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/अनुविभागीय दण्डाधिकारी को अनिवार्य रूप से प्रदान करना होगी। किसी जल स्त्रोत से पूर्व अनुमति प्राप्त अन्य प्रयोजन के जल उपयोग पर यह प्रतिबंध लागू नहीं होगा।

# महापौर जनसुनवाई में महिला कर्मचारी ने किया आत्मदाह का प्रयास

**वेतन नहीं मिलने से थी परेशान**



**देवास।** वेतन नहीं मिलने से परेशान महिला ने अपने उपर डाला पेट्रोल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

महापौर जनसुनवाई के दौरान महिला कर्मचारी ने खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह की कोशिश की। बुधवार को नगर निगम में ठेकेदारी प्रथा में कार्यरत करीब 45 महिला कर्मचारी अपने वेतन देने की मांग को लेकर जनसुनवाई में पहुंची थी। पीड़ितों का कहना है कि उन्हें ठेकेदार ने पिछले पांच महीनों से वेतन नहीं दिया है।

वो वेतन के लिए कई जगह गुहार लगा चुके हैं।महापौर जनसुनवाई में आवेदन देने पहुंची पीड़ित युवतियों ने बताया कि वो आईईसी वर्कर निगम सहयोगी संस्था के रूप में कार्यरत है। उन्होंने नवंबर माह सर्वेक्षण 2023 तक पूरी जिम्मेदारी से अपना काम किया, इसके बावजूद, सभी असहाय आईईसी वर्कर्स के साथ अन्याय, शोषण किया जा रहा है।पीड़ितों का कहना है कि उनके जुलाई से नवंबर तक किए गए काम का 5 महिनों का वेतन दिवाली से पहले दिया जाना था वो अब तक नहीं दिया गया है। युवतियों ने बताया कि संस्था प्रबंधन ने स्पष्ट कह दिया गया है जब तक निगम से बिल का भुगतान नहीं किया जाएगा तब तक वेतन का भुगतान किया जाना संभव नहीं है। वहीं जब आयुक्त से वेतन के संबंध में बात की गई तो उन्होंने स्पष्ट रूप से मना कर दिया।

पीड़ितों का कहना है कि इस बीच वेतन के लिए सभी वरिष्ठ निगम अधिकारियों से लगातार निवेदन किया गया पर 3 माह से अधिक समय हो जाने के बाद किसी अधिकारी को हम गरीबों की दयनीय स्थिति नजर नहीं आ रही है। हम सभी कर्मचारी कर्ज में पूरी तरह से डूब चुके हैं, जिनसे कर्जा लेकर घर चलाया वो सभी पैसे वापसी का दबाव बना रहे हैं, ऐसी स्थिति में हम सभी के पास आत्महत्या करने के सिवाय कोई अन्य विकल्प नहीं बचा है। जिसके जिम्मेदार संयुक्त रूप से कंपनी और नगर निगम है।

## शुद्ध वायु के लिए विकसित हो रहा सिटी फॉरेस्ट

**देवास।** नगर निगम शहर को प्रदूषण रहित बनाने के लिए हरेभरे क्षेत्र को बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रही है। महापौर गीता अग्रवाल व विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल ने बुधवार को सिटी फॉरेस्ट का निरीक्षण किया। करीब सवा घंटे तक उन्होंने सिटी फॉरेस्ट के प्रत्येक हिस्से में मुआयना किया। जो कमियां नजर आई, उसे सुधारने के लिए निर्देश दिए। दोनों ओर के सिटी फॉरेस्ट में लगभग 5 हजार पेड़-पौधों का रोपण हुआ है। यहां और पौधारोपण हो रहा है। पेड़-पौधे वृद्धि करने पर घने जंगल के रूप में परिवर्तित होंगे। यहां पर शहरवासियों के आवागमन को देखते हुए कच्चा मार्ग तैयार किया गया है। बैठने के लिए लकड़ी की बैंच भी होगी। जंगल की सुरक्षा के लिए सीमेंट कांक्रीट या लोहे के बजाय लकड़ी की बाउंड्रीवॉल बनाई जा रही है। पूर्ण रूप से जंगल का अहसास कराने के लिए तालाब भी बनाया है। यहां आने वाले को निश्चित तौर पर शहर के मध्य जंगल का अहसास होगा। लगभग 200 मीटर लंबे और 50 मीटर चौड़े जंगल का एरिया बारिश के दिनों में बेहद ही खूबसूरत नजर आएगा। महापौर ने एक महीने में शेष कार्य पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।महापौर ने इसके पश्चात एबी रोड पर ही तैयार किए गए स्पोर्टस पार्क व संविधान पार्क का निरीक्षण किया। यहां हरियाली को बनाए रखने के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है। महापौर ने पेड़-पौधों व घास को नियमित रूप से पानी देने के निर्देश दिए।

# श्री रामयज्ञ और देवनारायण कथा के लिए आयोध्या की नौ नदियों से आया पवित्र जल

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




शहर में ऐतिहासिक श्री राम यज्ञ एवं श्री देवनारायण कथा होने जा रही है। कथा 27 मार्च से प्रारंभ होकर 5 अप्रैल तक प्रतिदिन चलेगी। 5 अप्रैल को 101 कन्याओ का निःशुल्क विवाह किया जावेगा। श्री राम यज्ञ को सफल बनाने के लिए सर्व सामाजिक विकास संस्था एवं हिंदू शक्ति दल के पदाधिकारी अयोध्या के लिए विगत दिनों निकले थे। भगवान श्री राम का जलाभिषेक कर पवित्र मोक्षदायिनी नो नदियों का जल लेकर यात्रा पुनः देवास पहुंची। यात्रा एबी होते हुए देवास पहुंची। यात्रा ने पूरे शहर में भ्रमण किया। विभिन्न स्थानों पर पवित्र जल के अक्षत कलश ने पूजा अर्चना करते हुए यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर हुकुम सिंह पवार, कैलाश पटेल, रामेश्वर दायमा, रमेश चंद पटेल, गिरवर सिंह, आनंदीलाल राठौड़, अर्जुन सोलंकी, जितेंद्र सिंह पवार सहित समिति आयोजन समिति के पदाधिकारी/सदस्य उपस्थित थे।

## शिवसेना जिला कार्यकारिणी घोषित

**देवास।** शिवसेना की बैठक विगत दिनों सम्पन्न हुई, जिसमें जिला कार्यकारिणी की घोषणा की गई। शिवसेना नव नियुक्त जिला प्रवक्ता संजू भाटी ने बताया कि शिवसेना जिलाध्यक्ष सुनील वर्मा ने राष्ट्रीय राष्ट्रीय नेतृत्व प्रदेश नेतृत्व के आदेश पर शिवसेना राष्ट्रीय अध्यक्ष मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे जी, राष्ट्रीय महासचिव कैप्टन अभिजीत अडशुल, युवाशिवसेना राष्ट्रीय अध्यक्ष पुर्वेश प्रताप सरनाईक, निर्देशों पर मध्यप्रदेश प्रभारी सुरेश गुर्जर, ठाणेश्वर महावर, मध्यप्रदेश प्रदेश अध्यक्ष राजीव चतुर्वेदी युवा शिवसेना प्रदेश अध्यक्ष अनुराग सोनार की अनुशंसा पर जिला कार्यकारिणी पदाधिकारी की नियुक्ति की।

# महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय रासेयो स्वयंसेवक मंडोदियाा ने किया राज्य स्तरीय शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



महारानी पुष्पमाला राजे पवार शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास की रासेयो इकाई की स्वयंसेवक दिव्या मंडोदिया ने राज्य स्तरीय शिविर में विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के दल का प्रतिनिधित्व किया। मध्य प्रदेश राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर बरकतउल्लाह, विश्वविद्यालय भोपाल की संगठन व्यवस्था के अंतर्गत 3 से 9 मार्च 2024 के मध्य ग्राम पंचायत रलायती, तहसील पचोर जिला राजगढ़ में आयोजित किया गया था। महाविद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य डा.भारत सिंह गोयल ने दिव्या मंडोदिया का स्वागत किया एवं छात्राओं से राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के शिविरों में चयन हेतु कड़ी मेहनत करने हेतु प्रेरित किया। जिला संगठक प्रोफेसर प्रमोद पलासिया ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष माह फरवरी में राष्ट्रीय एकता शिविर के अंतर्गत इकाई की मारिया शाजापुर वाला ने मध्य प्रदेश दल का प्रतिनिधित्व किया था। कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनीता भाना ने सभी स्वयंसेवकों को दिव्या के राज्य स्तरीय शिविर के अनुभवों से जीवन कौशल सीखने का आह्वान किया।

# भाजपा के हॉट बाजार जनसंपर्क अभियान की हुई शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हाटपीपल्या



आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा नगर मंडल के अंतर्गत नगर में हॉट बाजार संपर्क अभियान के लोकसभा प्रभारी अजय तोमर, मंडल अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना और विधानसभा विस्तारक स्वप्निल गौड़ के नेतृत्व में नगर के हॉट बाजार में भाजपा हाट बाजार सम्पर्क तथा नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनने के लिए लोकसभा देवास के प्रत्याशी महेंद्र सिंह सोलंकी को विजय दिलाने के लिए भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई।केंद्र सरकार की लाभकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर आशीष व्यास, संजय ठाकुर ,संतोष गोठी,शेर सिंह जादौन, गोपाल खत्री,भूपेश ठाकुर, यशवंत चौहान,शैलेंद्र सेंधव,अर्जुन पटेल, रवि सूर्या तथा भाजपा के स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद थे।

### जिला मलेरिया कार्यालय द्वारा प्रशिक्षण हुआ आयोजित

# संक्रमण प्रारंभ होने के पूर्व बचाव, रोकथाम के लिए दिया प्रशिक्षण





हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

वाहक जनित रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकुनगुनिया आदि का संक्रमण काल वर्षा ऋतु में आरंभ हो जाता है। जिला मलेरिया कार्यालय देवास द्वारा वर्षा जनित रोगों के संक्रमण काल प्रारंभ होने से पूर्व ए एन एम, एम पी डब्लू, पर्यवेक्षक, आशा कार्यकर्ताओं आदि को इन रोगों से बचाव एवं रोकथाम हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विष्णु लता उईके , जिला मलेरिया अधिकारी डॉ रश्मि शर्मा, टोंकखुर्द विकासखंड की मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ माया कल्याणी, जिला मीडिया अधिकारी कमल डाबर, डीसीएम ओम प्रकाश मालवीय, मलेरिया निरीक्षक धरम दास देवड़ा, राय सिंह मालवीय आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम की श्रृंखला में सर्वप्रथम टोंक खुर्द विकासखंड का कार्यक्रम किया गया।

जिसमें विकाखंड स्तर से बी पी एम, बी सी एम, बी ई ई, समस्त सुपरवाइजर, एल एच वी, सी एच ओ, ए एन एम, एम पी डब्लू आशा सुपरवाइजर और आशा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।जिला मलेरिया अधिकारी डॉ रश्मि शर्मा ने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देशानुसार वाहक जनित रोगों का संक्रमण काल प्रारंभ होने से पहले ही समस्त स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, कि कैसे इन बीमारियों की पहचान, रोकथाम की जाए और कैसे इनके फैलाव को रोका जाए। इस तरह के प्रशिक्षण सत्र समस्त विकास खण्डों में आयोजित किए जाएंगे।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ विष्णु लता उईके द्वारा मलेरिया कार्यक्रम में श्रेष्ठ कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी पहल है कि संक्रमण काल प्रारंभ होने से पूर्व ही तैयारियां शुरू कर दी जाएं। उन्होंने प्रचार प्रसार संबंधी गतिविधियां आयोजित करने की आवश्यकता पर भी बल दिया, ताकि आम जनता में जनजागरण किया जा सके। बीमारी हो जाने के बाद उपचार करने से बेहतर है बीमारी को फैलने ही नहीं दिया जाए।सीबीएमओ डॉ कल्याणी ने बताया कि टोंक खुर्द विकासखंड सभी राष्ट्रीय कार्यक्रमों में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। मलेरिया कार्यक्रम में भी शत प्रतिशत से अधिक उपलब्धि हासिल कर लक्ष्य प्राप्त किया गया है।

जिला मीडिया अधिकारी कमल डाबर ने नवाचारों के माध्यम से राष्ट्रीय कार्यक्रमों के प्रचार प्रसार पर जोर दिया। कार्यक्रम में जिला मलेरिया विभाग के द्वारा निर्मित, निर्देशित और अभिनीत लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया गया, जिनके माध्यम से सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचार प्रसार संबंधी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम के अंत में धरम दास देवड़ा द्वारा आभार प्रकट किया गया।कार्यक्रम के अंतिम चरण में समस्त उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा वाहक जनित रोगों के नियन्त्रण, रोकथाम, और उपचार हेतु शपथ ग्रहण की गई।

# चार दिन पहले मिले शव की हुई पहचान



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

नगर के बागली मार्ग पर एक किसान के कुएं में 10 मार्च को एक अज्ञात युवक का शव मिला था, जिसकी पहचान नहीं हो पाई थी। युवक के सीने पर एक दिल का निशान गुदा हुआ था, जिसमें भूरी नाम लिखा था। पुलिस द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से युवक के फोटो वायरल कर पहचान करने का प्रयास किया गया था। जिसमें पुलिस को सफलता मिली और युवक की पहचान हो गई। चौकी प्रभारी उपेंद्र नहार ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से 10 मार्च को मिले अज्ञात व्यक्ति के शव की पहचान दिनेश पिता निहाल सिंह कोरकू निवासी लोहार पिपलिया थाना उदय नगर के रूप में हुई है। नहार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। वही मर्ग कायम का जांच शुरू कर दी गई है। नहार ने बताया कि परिजनों के अनुसार मृतक दिनेश शराब का आदि था, और शराब के नशे में सब को परेशान किया करता था। हालांकि मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी।

खबर संक्षेप

## नाबालिग बालिका से दुष्कर्म के आरोपी को किया गिरफ्तार



आष्टा। 12 मार्च को फरियादीया पीडिता निवासी दुपाडिया ने रिपोर्ट किया की आरोपी जितेन्द्र पिता गोविन्द मालवीय उम्र 23 वर्ष निवासी दुपाडिया नें 11 मार्च को अपने कमरे में ले जाकर जबरन गलताकाम किया व किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी न मानने पर नाबालिग बालिका के साथ थप्पड मुक्को से मारपीट किया। नाबालिग पीडिता की रिपोर्ट पर तत्काल थाना पार्वती पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया। उक्त प्रकरण में विवेचना के दौरान आरोपी आरोपी जितेन्द्र पिता गोविन्द मालवीय उम्र 23 वर्ष निवासी दुपाडिया की तलाश हेतु टीम गठीत की गई तथा आरोपी की तलाश हेतु मुखवीर लगाए गये। मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई की आरोपी अपने घर पर सो रहा है सूचना की तस्दीक हेतु आरोपी के घर पहुच कर दबिश देकर उसे पकड़ा, तथा आरोपी से अपराध सदर के संबंध में पुछताछ करने पर आरोपी द्वारा जुर्म करना स्वीकार किया जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी पार्वती चिन्मय मिश्रा, सउनि अशोक श्रीवास्तव, प्र.आर. 477 अम्भूनाथ पाण्डेय, प्रआऱ 50 जगदीश, आर 433 सोमपाल वर्मा, आर. 826 सचिन आर. 801 अरुण परमार, म.आर 756 रंजना सै. 137 जितेन्द्र सै. 142 मानसिंह, एवं थाना पार्वती पुलिस का सराहनीय योगदान रहा।

### कृषि उपज मंडी में किसानों से हो रही लूट, शिकायत के बाद मचा हड़कंप

# किसान की शिकायत के बाद आष्टा मंडी सचिव प्रवीण चौधरी को लगाई फटकार

विवाद के चलते काफी देर तक मंडी में नीलामी कार्य रहा बंद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रदेश की ए क्लास की कृषि उपज मण्डी के रुप में पहचान बना चुकी है आष्टा की कृषि उपज मण्डी वर्तमान दौर में किसानों के साथ हों रही लूट से आये दीन बदनाम हो रही है लेकिन जिम्मेदार आधिकारी है की किसानों के साथ हों रही लूट पर चुप्पी साधे रखते है। आपको बता दें की जीस कृषि उपज मंडी की छवि पुरे प्रदेश ए क्लास मंडी के रुप में जानी जाती थी वह कृषि उपज मंडी अब किसानों के साथ आये दिन अधिक तोल,अवैध हम्माली वसूली, बड़े कांटे की जगह छोटे कांटे पर तोल करना, किसानों द्वारा कृषि उपज पलटाने के बाद भी हम्माली काटना जैसी एक नहीं अनेकों अव्यवस्थाओं के कारण धीरे-धीरे बदनाम होती जा रही है । और दूसरी तरफ़ मंडी सचिव की लापरवाही कहे या गैरजिम्मेदारना रवैये के चलते किसान अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है और अब धीरे धीरे आष्टा की इस कृषि उपज मंडी की छवि बिगड़ती जा रही है।



### किसान नेता ही हुए लूट के शिकार, कृषि मंत्री के फ़ोन के बाद मचा हड़कंप

मंगलवार को आष्टा कृषि उपज मंडी में अधिक तोल एवं किसान से अवैध रूप से हम्माली वसूली को लेकर एक मामला फीर सामने आया और जिसने विवाद का रुप ले लिया तो काफी देर तक मंडी में नीलामी कार्य बंद रहा। लिहाजा इस बार इछावर के किसान नेता के साथ ठगी हुईं तो मामला बडना भी लाजमी था। ऐसे में मामले को लेकर मंडी के व्यापारी और किसान कृषि उपज मंडी कार्यालय में मंडी सचिव प्रवीण चौधरी के पास पहुंचे। जहा इछावर क्षेत्र के किसान शंकरलाल जायसवाल ने अपने साथ हुईं ठगी को मंडी सचिव के सामने रखी। ऐसे में हमेशा की तरह इस बार भी मंडी सचिव का किसानों के प्रति गैर जिम्मेदाराना रवैया उदासीनता को देखते हुए पीड़ित किसान नेता शंकरलाल जयसवाल ने आष्टा मंडी में किसानों के साथ हों रही अधिक तोल, अवैध रूप से हम्माली बसूली की शिकायत प्रदेश के कृषि मंत्री एंदल सिंह कंसाना को मोबाइल के माध्यम से शिकायत कर पुरे मामले से अवगत कराया।

### कृषि मंत्री ने लगाई फटकार

मामला किसानो से जुड़ा होने पर मंत्री ऐंदल सिंह कसाना के कार्यालय से मंडी सचिव के पास फोन पहुंचा ओर कड़ी फटकार लगाई। लाजमी हे कृषि मंत्री की फटकार के बाद आष्टा मंडी कार्यालय में हड़कंप मच गया। ऐसे में तत्काल कुछ ही देर में व्यापारियों ने मंडी प्रबंधन के सामने लिखित में आश्वासन दे कर मामले को शांत कराया। किसान नेता शंकर जयसवाल ने मिडिया को जानकारी देते हुए बताया की इसके पूर्व भी बड़े कांटे पर गेहूं की तुलाई होने के बाद भी उससे प्रति कुंटल 300 ग्राम अधिक उपज ली गई थी ।जो बाद में वापस हुई थी। किसान नेता ने बताते हुए कहा की मंडी में 15 दिन पूर्व कृषि उपज लेकर आष्टा आए थे तथा बड़े कांटे पर कृषि उपज गेंहू की ट्राली तुली उसके बाद भी व्यापारी ने 300 ग्राम प्रति कुंटल पर अधिक उपज अवैध रूप से ली थी। तब भी मंडी में आकर इसकी शिकायत की थी लेकिन उस वक्त भी मंडी सचिव ने शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया। पुनः वह जब आज गेहूं लेकर आए तब पूरा गेहूं किसान के द्वारा पलटा गया जब खरीदी करने वाली फर्म ने बिल बनाया तब व्यापारी ने किसान से बिल में 250 रुपये हम्माली के काटे। ऐसे में बड़ा सवाल खड़ा होता है की जब आर्थिक रूप से संपन्न किसान नेता ही लूट और ठगी के शिकार हों रहे है तो छोटे अन्य ऐसे किसान जिसकी ना मंत्री तक पहुंच है ना मिडिया तक वह केसे अपने साथ हों रही लूट की पीड़ा किसे सुनाते होगें। वहीं अब किसान नेता ने सीधे तौर पर चेतावनी लहजे में कहा की अब यदी किसानों से किसी तरह की लूट हुईं तो मंडी में धरना आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा! वहीं दूसरी और आज मंडी के वो व्यापारी नेता उस समय बोना साबित हों गए जब इस किसान नेता के मंत्री को मोबाईल लगाकर मंडी में किसानो के साथ हों रही लूट से अवगत कराया।

# टैंकरों से पानी खरीदने को मजबूर हो रहे ग्रामीण

अनदेखी से ग्रामीणों में आक्रोश



आष्टा। इस तरह पानी के टैंकर से पानी की कर रहे व्यवस्था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सात हजार की आबादी वाले मेहतवाड़ा में पानी को लेकर हाय तौबा मची है। जलस्तर नीचे जाने से हैंडपंप, ट्यूबवेल आदि दम तोड़ने लगे हैं, कुछ रुक-रुककर पानी देने लगे हैं। इससे परेशान लोगों को टैंकर वालों से पानी खरीदकर अपनी प्यास बुझाना पड़ रही है। कई को इधर-उधर भटकना पड़ता है, तब भी पर्याप्त पानी की व्यवस्था हो जाए इसकी कोई गारंटी नहीं है।

मेहतवाड़ा को कुछ साल पहले नल जल योजना की सौगात मिली थी, लेकिन यह धरातल पर मूर्त रूप नहीं ले पाई। टंकी शोपीस बनकर रह गई, तो पाइप लाइन के कोई अते-पते नहीं हैं। इसे देखते हुए शासन से जल जीवन मिशन योजना स्वीकृत हुई है, जिसका पिछले दो साल से भी अधिक समय से काम चल रहा है। उसके बावजूद योजना में अभी तक लोगों को पानी नहीं मिल पाया है। गांव में पानी का कोई दूसरे इंतजाम नहीं है। इससे लोगों को टैंकर से पानी खरीदकर काम चलाना पड़ता है। वहीं, जिनके पास पैसे नहीं हैं, उनको पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। कई बार पानी की व्यवस्था करने में सुबह से शाम तक हो जाती है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले कई समय से यह हाल है फिर भी इस तरफ किसी ने ध्यान नहीं दिया है। बता दें कि पिछले साल ग्रामीणों ने इसी समस्या को लेकर जावर तहसील में ज्ञापन देने के साथ ग्राम पंचायत का घेराव किया था।

बावजूद कोई सुधार नहीं हुआ है। गांव में बढ़ते जलसंकट को लेकर लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी खरीदकर काम चला रहे फिर भी कोई देखने, सुनने वाला नहीं है। जिम्मेदार अधिकारी, जनप्रतिनिधि विकास का दावा करते हैं, लेकिन उनके गांव में विकास तो दूर की बात पानी की समस्या ही दूर नहीं हो रही है। जल्द ही इस दिशा में ध्यान नहीं दिया तो मजबूरी में बड़ा कदम उठाना पड़ेगा। इस बड़े गांव में यह हाल है तो अन्य में क्या होगा समझा जा सकता है।

# नगर परिषद जावर कार्यालय में परिषद का विशेष सम्मेलन 5 करोड़ के विकास कार्यों का विधायक ने किया भूमिपूजन






हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नगर परिषद जावर के कार्यालय में परिषद का विषेष सम्मेलन मंजू वैद्य अध्यक्ष नगर परिषद जावर की अध्यक्षता और विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के विशेष आतिथ्य में आयोजित किया गया। जिसमें विशेषकर नगर विकास के मुद्दो पर चर्चा हुई, तथा आगामी वर्ष 2024-25 के बजट सहित निम्न विषयो पर चर्चा हुई।

### नगर के विकास को लेकर परिषद की बैठक में हुई चर्चा

बजट वर्ष 2024-25 का अवलोकन एवं स्वीकृति। शहर के मुख्य मार्ग से गांधी चौक होते हुवे कजलास रोड नगरीय सीमा तक डिवायडर व स्ट्रीट लाईट साथ ही नगर के विभिन्न वार्डो में प्रकाष व्यवस्था हेतु स्ट्रीट लाईट के संबंध में चर्चा एवं निर्णय। वार्ड क्रं.15 स्थित तालाब का सौन्दर्यकरण तथा पर्यटन केन्द्र के रूप मे विकसित करने के संबंध में चर्चा एवं निर्णय। नगर परिषद जावर क्षेत्र में रेस्ट हाउस निर्माण किये जाने के संबंध में चर्चा एवं निर्णय। नगर के समस्त वार्डो में रोड, नाली, पेवर्स, भवन आदि विकास कार्यो हेतु 01.00 करोड रूपये अनुदान हेतु प्रस्ताव शासन को भेजने के संबंध में। नगर के नगारिको हेतु नवीन खेल मैदान के संबंध में चर्चा और निर्णय लिया गया।

### सर्वसम्मति से पारित हुआ बजट

बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरीष कुमार सोनी, उपयंत्री दीपक कुमार अटेरिया और लेखापाल बलराम मालवीय द्वारा विषयो से संबंधित जानकारी से अवगत करवाया गया। उपरोक्त सभी प्रस्ताव सर्वसहमति से पारित किये गये। बजट आय रूपये 21,29,27,500 और व्यय रूपये 20,41,35,875 तथा अंतिम शेष रूपये 87,91,625/- का सर्वसहमति से स्वीकृत किया गया। सम्मेलन में विषेष रूप से विधायक गोपालसिंह इंजीनियर की उपस्थिति प्रारम्भ से लेकर सम्मेलन की समाप्ति तक बनी रही। उनके आगमन पर परिषद द्वारा फूलमालाओ और आतिशबाजी से स्वागत सत्कार किया गया। बैठक में उनके द्वारा सभी पार्षदगणों और स्टॉफ को आपसी समनवय से पारदर्षिता पूर्वक कार्य करने के निर्देश दिए गए। तथा आश्वस्त किया गया कि जावर नगर के विकास में कोई कसर बाकी नही रखी जाएगी। अंत मे सभी पार्षदगणो द्वारा स्वः सुभाष भावसार जो कि एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में नगर को अपनी सेवाऐं देते रहे, के नाम से नगर में एक चौराहा नामांकित करने का प्रस्ताव पारित करने का आग्रह अध्यक्ष से किया गया। अध्यक्ष मंजु वैद्य की विशेष अनुमति से और विधायक गोपालसिंह इंजीनियर व सांसद प्रतिनिधि मनोज वैद्य तथा समस्त पार्षदगणों की सहमति से मनीष रेस्टोरेंट के पास मेन चौराहा को सुभाष चौराहा के रूप में नामांकरण करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

### किया भूमि-पूजन

सम्मेलन की कार्रवाई समाप्त किये जाने के उपरांत सम्पूर्ण परिषद की ओर से सांसद प्रतिनिधि मनोज वैद्य द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। तद्पश्चात लगभग 5 करोड रूपये के विकास कार्यों का भूमि पूजन विधायक द्वारा सम्पन्न किया गया। उपरोक्त अवसर पर उपाध्यक्ष तेजसिंह कप्तान, मण्डल अध्यक्ष (भा.ज.पा) राजेन्द्र कैशव, वरिष्ठ नेता बाबूलाल पटेल, पार्षद विरेन्द्र ठाकुर, मदन विश्वकर्मा, बन्टी राठौर, राजेन्द्र कुमार भरैवा, वर्षा विजेन्द्र मालवीय, विनिता संजय अजमेरा, अनिता हुकम विश्वकर्मा, कैलाश मालवीय, मनिषा बहादुर परिहार,यासमीन बी जाकिर हुसैन, पार्षद प्रतिनिधि संजय अजमेरा, इकबाल भाई, जाकिर हुसैन, हुकम विश्वकर्मा, बहादुर परिहार, विजेन्द्र मालवीय, आदि उपस्थित थें।

# पत्रकार वार्ता में कुशाभाऊ ठाकरे के जन्म शताब्दी वर्ष और लोकसभा चुनाव की तैयारियों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



मंगलवार को आष्टा स्थित रेस्ट हाउस में भाजपा ने पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। जिसमें नमो एप, कुशाभाव ठाकरे के जन्म शताब्दी वर्ष, लोकसभा चुनाव की तैयारी के संबंध में जानकारी दी ई। इस दौरान जिला भाजपा उपाध्यक्ष धारा सिंह पटेल ने कहा कि कुशाभाऊ ठाकरे के जन्म शताब्दी वर्ष से लेकर बीते दो वर्षों में संगठन के विस्तार और पार्टी का जनाधार बढ़ाने के लिए लगातार बूथ सशक्तिकरण का काम किया गया है। पार्टी के इन्हीं प्रयासों की अगली कड़ी है, बूथ विजय अभियान। जो 13 मार्च से शुरू हो रहा है और 22 मार्च तक चलेगा। इस बार पार्टी नेतृत्व ने पिछले चुनाव के मुकाबले 10 प्रतिशत वोट बढ़ाने का लक्ष्य तय किया है। पार्टी के सभी 41 लाख सक्रिय कार्यकर्ता मुख्यमंत्री, मंत्री, पार्टी पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि अभियान के दस दिनों में बूथों पर पहुंचकर दो घंटे बिताएंगे और हर बूथ को 'मोदी बूथ' बनाते हुए पार्टी का वोट शेयर 10 प्रतिशत बढ़ाने तथा 370 नए वोट हासिल करने की तैयारी करेंगे। भाजपा के विकसित भारत संकल्प पत्र निर्माण में आमजन से नमो एप्प, मिस्ड कॉल कर या लिखित में सुझाव दे सकते है। संकल्प पत्र निर्माण के लिए देश के 1 करोड़ लोगों से सुझाव प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। पटेल ने कहा कि आगामी 13 तारीख से शुरू होने वाले बूथ विजय अभियान के दौरान पार्टी के सभी कार्यकर्ता और सभी सातों मोर्चे के कार्यकर्ता बूथों पर पहुंचेंगे। सभी मोर्चे और कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां और लक्ष्य दिए गए हैं। अभियान के 10 दिनों में सभी कार्यकर्ता इन कामों को पूरा करते हुए 370 प्लस के लक्ष्य को हासिल करने की तैयारी करेंगे।

### मतदाताओं से होगा संवाद

बूथों पर किए जाने वाले कुछ प्रमुख कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश में 18-19 साल की आयु के 16 लाख मतदाता हैं। प्रत्येक बूथ पर इन मतदाताओं से संपर्क संवाद किया जाएगा। सभी वर्गों के प्रमुख लोगों से भी संपर्क किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कहा की केंद्र राज्य सरकार के विकास के कार्य और सैकड़ों योजनाओं के धरातल पर उतरने से आज देश प्रदेश प्रगति के पथ पर अग्रसर है। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर क्षेत्र में सांसद की कोई बड़ी उपलब्धि नहीं बता सके।

### श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर विराजित है जैन मुनि महाराज

# सास-बहू मिलकर चलें तो घर स्वर्ग बनेगा: मुनि



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

प्रेम से रहने का नाम साधुवाद है। सभी के हित मित की बात करें।पल -पल में बदलाव होता है और पल -पल में पाप हो रहा है । समुद्र कभी भी अपना स्वभाव नहीं बदलता है।सास - बहू मिलकर चले, तभी घर स्वर्ग बनें।हम विमलनाथ भगवान को मानते हैं, लेकिन उनके द्वारा कही बातों को नहीं मानते हैं। मनुष्य की पर्याय बदलती रहती है। वह देव भी बन सकता है। जैन दर्शन के अनुसार काम करने से मुनियों का कल्याण होगा। जैन वहीं है जो किसी से न लड़ें।जैन दर्शन को नहीं समझने के कारण बाहर तो दूर मंदिर में झगड़ रहे हैं। कषाय पहले छोड़े। कोई गाली भी बोले तो आप मुस्कुरा कर कुछ नहीं कहेंगे तो उसकी कषाय मन से निकल जाएगी।

व्यक्ति को सरल बनना चाहिए,मन में झूठे व गलत विचार आते हैं तो कल्याण नहीं होगा। उक्त बातें नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर पर विराजित पूज्य गुरुदेव मुनि भूतबलि सागर महाराज एवं मुनि सागर महाराज ने कहीं। आपने कहा साधुवाद ओर सत्य को जानकर जीवन में अमल कर लिया, वहीं जैन बनते हैं। हमें कभी भी लड़ना नहीं चाहिए।हम एक-दूसरे के पूरक बनें।आपस में समझें।वस्तु स्वरुप का ज्ञान है तो, क्रोध नहीं आएगा। जज की बात को वकील को सुनना पड़ेगी और वकील की बात अर्थात पक्ष को जज को सुनना पड़ेगा।जज के निर्णय को मानना होगा। मनुष्य बनकर नहीं सुधर रहे, मारीच का जीव सिंह पर्याय में आकर अपना कल्याण कर महावीर बने।हठवाद आने पर घर में शांति नहीं रहेगी। तत्वों को समझें और जिंदगी में शांति कैसे हो इस पर ध्यान देना चाहिए। प्रत्येक मनुष्य में विशेषता होती है। विशेष गुण वाले को देवता कहते हैं।दीपक स्वयं भी प्रकाशित रहता है और को भी प्रकाशित करता है। हमारे पास ज्ञान है वह स्व का नहीं पर के लिए होना चाहिए। परिणाम को निर्मल बनाना चाहिए,पति पतन होता है, इसीलिए पति परमेश्वर है।सुभभावना रखना चाहते हैं तो सम्यकत्व ग्रहण करें।

# मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने लिया आरआरआर केंद्र का जायजा




हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शहर को साफ एवं सुंदर बनाने के लिए अलग-अलग तरह की पहल की जा रही है उन्हें में से एक को बढ़ावा देते हुए नगर पालिका परिषद आष्टा ने आरआरआर केंद्र बस स्टैंड कम्युनिटी हॉल में स्थापित किया गया है नगर पालिका अध्यक्ष हेम कुंवर रायसिंह मेवाड़ा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश सक्सेना जी ने आरआरआर केन्द्र पर जा कर विजित किया। तथा आरआरआर केंद्र संतोषजनक रहा। श्री सक्सेना ने नगर वासियों से अपील है कि उनके पास अनूप योगी वस्तु जैसे पुराने कपड़े, पुराने बुक, पुराने खिलौने, पुराने बर्तन, झोले आदि हो ओ आप आरआरआर केंद्र पर लाकर जमा कर सकते है। जिन नागरिक और जो जरूरतमंद हो वहां आरआरआर केंद्र से आकर उन्हें निशुल्क ले जा सकते हैं। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 अंतर्गत लोगों के प्रति जागरूकता और स्वच्छता के प्रति प्रेरणा का स्त्रोत बनेंगे। आरआरआर केंद्र पर मनीष श्रीवास्तव, ज्ञान सिंह बामनिया, योगी सक्सेना, सुशील पांचाल, धनरूप मल जैन, ओमप्रकाश मेवाडा, राहुल मालवीय, महेंद्र पोसवाल, शिवराज अहिरवाल, कुशलपाल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## निर्माणाधीन 220 करोड़ के मेडिकल कॉलेज के काम में तेजी लाने के दिए निर्देश

# निर्माणाधीन स्वास्थ्य परियोजनाओं के निरीक्षण पर पहुंचे डिप्टी सीएम





### 200 बिस्तरीय अस्पताल का भी किया निरीक्षण मोहनपुरा, कुंडालिया परियोजनाओं की जानी प्रगति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल मंगलवार को जिला मुख्यालय पर निर्माणाधीन मेडीकल कॉलेज सहित जिला अस्पताल में बन रहे 200 बिस्तर के नवीन अस्पताल के निरीक्षण पर पहुंचे। सबसे पहले वे सर्किट हाऊस पहुंचे जहां भाजपा पदाधिकारियों ने उनका हार, मालाओं से अभिनंदन किया।

इसके उपरान्त उन्होंने जिला अस्पताल परिसर में 40 करोड़ की लागत से बन रहे 200 बिस्तरीय नवीन अस्पताल निर्माण के अवलोकन किया। यहां उन्होंने निर्माणाधीन बिलंडिग के विभिन्न कार्यों को देखा एवं निर्माण एजेंसी पुलिस हाऊसिंग बोर्ड के अधिकारियों को आवष्यक दिषा-निर्देष प्रदान किए। इसके उपरान्त उपमुख्यमंत्री मोहनपुरा सिंचाई परियोजना पहुंचे जहां परियोजना प्रषासक विकास राजोरिया ने उन्होंने मोहनपुरा एवं कुंडालिया दोनों परियोजनाओं का प्रजेन्टेषन दिया। उन्होंने दोनों सिंचाई परियोजना के अब तक की अद्यतन स्थिति, परियोजनाओं से लाभान्वित हो रहे ग्रामों, क्षेत्र में हो रही सिंचाई सति आगामी रूपरेखा से अवगत कराया। मुख्यमंत्री के इस निरीक्षण के दौरान चिकित्सा शिक्षा विभाग के सह-आयुक्त तरुण पिथोड़े, कलेक्टर हर्ष दीक्षित, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी किरण वाडिवा, सिविल सर्जन श्री पटेल सहित अन्य अधिकारी साथ थे।

#### मरीज के परिजनों के लिए स्थान करें चिन्हित

200 बिस्तरीय अस्पताल के अवलोकन के समय उन्होंने अस्पताल में मरीज के परिजनों के लिए भी आराम, रुकने आदि की व्यवस्था के लिए स्थान चिन्हित कर वहां जरूरी निर्माण के निर्देष प्रदान किए। उन्होंने सह-आयुक्त तरुण पिथोड़े एवं कलेक्टर हर्ष दीक्षित को इसकी मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देषित किया।

#### मेडिकल कॉलेज साइट का किया भ्रमण

जिले की अब तक की सबसे बड़ी निर्माण परियोजनाओं में शामिल 220 करोड़ के मेडीकल कॉलेज का निर्माण संकट मोचन बलड़ी क्षेत्र में प्रगति पर है। उप-मुख्यमंत्री सहित चिकित्सा षिक्षा विभाग, पीआईयू के अधिकारीगणों ने निर्माणाधीन मेडीकल कॉलेज साइट का भी जायजा लिया। यहां डिप्टी सीएम श्री शुक्ल ने संपूर्ण मेडीकल कॉलेज की ड्राइंग, डिजाईन एवं नक्षे का अवलोकन किया। लेकिन वे काम की धीमी प्रग्रति से नाराज हुए और पीआईयू के अधिकारियों को निर्देषित किया कि संबंधित एजेंसी को काम में गति लाने हेतु कहा जाए। अगर ऐसा नहीं होता है तो आगामी कार्रवाई शुरू करें। इस अवसर पर मतस्य पालन राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव, नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा, पूर्व राज्यमंत्री रघुनंदन शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अमित शर्मा, श्याम गुर्जर, जगदीष पंवार, कैलाष मौर्य, दीपेंद्र सिंह चौहान सहित कई भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।

#### राज्यमंत्री ने ब्यावरा में ट्रामा सेंटर निर्माण की रखी मांग

मतस्य पालन राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार ने मुख्यमंत्री को ब्यावरा क्षेत्र से निकल रहे तीन हाईवे के दृष्टिगत वहां ट्रामा सेंटर निर्माण की नितांत आवष्यकता से अवगत कराया। चूंकि, ब्यावरा से तीन हाईवे गुजर रहे हैं ऐसे में अक्सर दुर्घटनाओं के मामले सामने आते रहते हैं। ऐसे में घायलों को त्वरित ईलाज के लिए ब्यावरा में ट्रामा सेंटर की मांग रखी गई।

# 10 दिनों तक बूथ पर 2 घंटे बिताएंगे मंत्री, विधायक और पार्टी पदाधिकारी

## प्रेसवार्ता में दी बूथ विजय अभियान की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़




रसंगठन के विस्तार और पार्टी का जनाधार बढ़ाने के लिए भाजपा 10 दिवसीय बूथ विजय अभियान शुरू किया गया। 13 मार्च से शुरू हुआ यह अभियान 22 मार्च तक अनवरत चलेगा। इस दौरान मंत्री, विधायक, पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता अपने-अपने तय बूथों पर पहुंचकर पूरे 10 दिनों तक दो-दो घंटे बिताएंगे। उक्त भाजपा भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर ने विधायक निवास पर आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कही। उन्होंन कहा कि पार्टी नेतृत्व ने पिछले चुनाव के मुकाबले 10 प्रतिषत वोट बढ़ाने का लक्ष्य हर बूथ के लिए तय किया है। पार्टी के कार्यकर्ता इस हेतु बूथों पर पहुंचकर वहां अभियान को गति देंगे।

उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी मोर्चों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के लिए लक्ष्य तय किए गए हैं। प्रत्येक बूथ पर मतदाताओं से संपर्क एवं संवाद किया जाएगा। वहां के प्रबुद्धजनों, वोटर्स, आमलोगों के बीच पहुंचकर संपर्क करते हुए उनसे क्षेत्र की आवष्यकताएं जानी जाएंगी। प्रेस वार्ता को बूथ विजय अभियान के जिला संयोजक जगदीश पंवार ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री अमित शर्मा, विधायक अमरसिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चैहान, श्याम गुर्जर, पूर्व सीसीबी चेयरमेन कैलाष मौर्य, श्याम मंडलोई, मीडिया प्रभारी आंनद त्रिपाठी, जगदीष दास उपस्थित रहे।

## आरोपी को भेजा जेल

# वाहन चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल चोर गिरफ्तार

**ब्यावरा।** एसपी धर्मराज सिंह मीणा निर्देषन और एएसपी आलोक कुमार शर्मा, एसडीओपी ब्यावरा नेहा गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ब्यावरा शहर वीरेन्द्र सिंह धाकड़ के नेतृत्व में पुलिस द्वारा मोटर साइकिल चोरों की धरपकड़ के लिए सघनता वाहन चैकिंग के दौरान बस स्टैंड पर एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका जो पुलिस को देखकर हड़बड़ाने लगा, जिसे पकड़कर मोटर साईकिल के कागजात मांगे जो पेश नही किया। उसने अपना नाम भगवान सिंह पिता पर्वत सिंह भील उम्र 34 साल निवासी ग्राम रायपुरा थाना लटेरी जिला विदिशा का होना बताया। जिसके कब्जे से मोटर साइकिल स्प्लेंडर प्लस काले रंग की जप्त की। सर्च करने पर उपरोक्त मोटर साइकिल थाना ब्यावरा शहर के धारा 379 फरियादी देवीसिंह पिता नानूराम निवासी ब्यावरा के नाम पर रजिस्टर्ड पाई गई। चोर भगवान सिंह भील को गिरफ्तार कर सख्ती से पूछताछ करने पर अपने दो अन्य साथी हेमराज पिता बनेसिंह भील तथा समंदर पिता बापूलाल भील निवासी रायपुर थाना लटेरी जिला विदिशा के साथ मिलकर 15 मई 2023 को बैंक ऑफ बड़ौदा के बाहर ब्यावरा से चोरी करना बताया। आरोपी को न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया। फरार आरोपी हेमराज भील एवं समन्दर भील की तलाश की जा रही है।

### उद्यानिकी नई तकनीकी को सीखने कृषक दल रवाना

**गुना।** खेती में नई तकनीकी एवं नर्सरी प्रबंधन सिखने हेतु कृषक दल एमआईडीएच योजना के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग जिला गुना के द्वारा राघौगढ़, गुना,बमोरी,चाचौडा.एवं आरोन ब्लॉक के किसानों का दल रवाना हुआ। जिसमें किसानों को लखनऊ, फैजाबाद,वाराणसी आदि जगह नर्सरी,कृषि अनुसंधान सेंटर एवं खेती की नई तकनीकी के बारे में बताया जाएगा। जिसमें दल प्रभारी मनोज कुमार राठौर, प्रदीप सिंह परिहार, राम बिहारी शर्मा, डीआरपी सतीश सैनी सहित किसान दल रवाना हुआ।

## नपा ने बजट पारित किया

# 64 हजार 927 रुपए की बचत का बजट, कोई नया कर नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

नगर पालिका परिषद सारंगपुर ने विशेष सम्मेलन आयोजित किया जिसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु बजट पारित किया गया बजट प्रस्तुत करते हुए मुख्य नगरपालिका अधिकारी एल एस डोडिया द्वारा बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में निकाय की समस्त स्त्रोतों से आय 973280149 रुपए तथा प्रस्तावित व्यय 973215222 रुपए बताई गई।

इस प्रकार कुल रुपए 64,927 की बचत का बजट परिषद द्वारा सर्व अनुमति से पारित किया गया जिसमें मुख्य रुप से निकाय को शासन से प्राप्त होने वाली अनुदान राशि, विशेष निधि, शासन की महत्वपूर्ण योजनाएं अमृत 2.0 एवं एसडी आरएफ, कायाकल्प अभियान , स्वच्छ भारत मिशन और समय-समय पर प्राप्त होने वाली शासन अनुदान से निकाय को आय होगी साथ ही निकाय की स्थानीय वसूलियां तथा प्रस्तावित शॉपिंग कंपलेक्सो से होने वाली आय मुख्य रूप से रहेगी आय की परिपेक्ष्य में वर्ष 2024-25 में होने वाले व्यय जिसमें कर्मचारियों के वेतन भत्ते विभिन्न प्रकारों के वाहनों के रख रखाव पर होने वाले व्यय नागरिकों को उपलब्ध कराए जाने वाली मूलभूत सुविधाएं जैसे सड़क बिजली पेयजल साफ-सफाई इत्यादि पर होने वाले व्यय साथ ही नगर के सौन्दर्यकरण हेतु नगर में हॉकर्स जोन एवं नगर के विभिन्न वार्डों में सड़क नाली निर्माण कार्य बस स्टैंड निर्माण कार्य नया कार्यालय भवन नगर के विभिन्न कच्चे मार्गो पर मुरम चूरी बोल्डर आदि डलवा कर इत्यादि कार्यों पर प्रस्तावित व्यय होगा नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल द्वारा प्रस्ताव बजट को सम्मेलन में पारित करवाते हुए कहा गया कि नगर के विकास कार्य एवं सौंदर्यीकरण कार्य को प्रथम प्राथमिकता दी जाएगी तथा नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी साथ ही पालीवाल द्वारा सम्मेलन में कहा गया कि नगर विकास हेतु जितनी भी राशि की आवश्यकता होगी परिषद द्वारा शासन स्तर से राशि की मांग की जा कर सारंगपुर के विकास कार्य करवाए जाएंगे एवं साथ ही अध्यक्ष पालीवाल द्वारा कहा गया कि नगर पालिका सारंगपुर के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी गण शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाकर नगर के प्रत्येक पात्र हितग्राही को उसका लाभ देने की कार्रवाई करें अधिकारी एवं कर्मचारियों को किसी भी प्रकार की समस्या हो तो मुझे अवगत कराएं उनके मिलने वाले समस्त एलाउसेंस वेतन भत्ते आदि सुविधाएं एवं सफाई कर्मचारियों को सफाई करने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे अधिकारी कर्मचारी गण अपना कार्य पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा से करते हुए आम जनता की सुनवाई करते हुए पात्र हितग्राहियों को समय-समय पर लाभ प्राप्त करने के निर्देश सीएमओ को दिए गए।

बैठक के दौरान पार्षद सिद्धू लाल पुष्पद,बाबूलाल अहिरवार,शफीक अंसारी समीर खान, आशिक मंसूरी, गोपाल पाल, अमित गिरजे दुर्गाबाई राठौर, मोहम्मद अली आफरीन बी नफीस अली, नाजों बी कमरुद्दीन कुरेशी राकेश पुष्पद, सिद्धिबाई पुष्पद सुनील बागवान, रुकमणी बाई भानुसिंह लववंशी सहित नपा कर्मी मौजूद थे।

# मलावर थाना क्षेत्र अंतर्गत सेकनपुर मंदिर में हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा



**ब्यावरा-लखनवास।** जिले की पुलिस टीम लगातार अपराधों और अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु तत्परता से कार्यरत है इसी क्रम में थाना मलावर क्षेत्र अंतर्गत विगत दिनों मंदिर में हुई चोरी की वारदात को टीम के अथक प्रयासों के फलस्वरूप आखिरकार सुलझा लिया गया।

23 फरवरी को सेकनपुर मंदिर में भगवान की मूर्ति चोरी व दान पेटी चोरी की घटना हुई थी, सूचना पर थाना मलावर मे अपराध क्रमांक 33/24 धारा 457, 380 आईपीसी के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। चोरी को जल्द से जल्द ट्रेस करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार शर्मा व एसडीओपी नरसिंहगढ उपेन्द्र सिंह भाटी के सतत मार्गदर्शन में थाना मलावर थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी और उनकी टीम ने मंदिर मे लगे सीसीटीवी कैमरे व तकनीकी सेल राजगढ से प्राप्त टेक्निकल डाटा के आधार पर चोरों की टीम को चिन्हित किया और धरपकड़ हेतु टीम का गठन किया जिसमे चैकी प्रभारी एएसआई समीर खान, प्रआर 257 ओम प्रकाश मीना, आर 363 अमन, आर 932 विशाल को भोपाल रवाना किया गया। टीम द्वारा दबिश देकर घटना मे संलिप्त आरोपी संतोष पिता गणेशराम जाटव, निवासी कढ़ाईया खो थाना बैरसिया, नीरज पिता जमनाप्रसाद वंशकार, निवासी कढ़ाईया खो थाना बैरसिया, अरुण पिता रघुवीर वंशकार निवासी रुनाहा व अन्य एक विधि विरोधी बालक के कब्जे से मंदिर से चोरी गई तीन मूर्तियां एवम दान पेटी से चोरी गई राशि बैरसिया से बरामद की गई। उपरोक्त आरोपियों को अपराध सदर में गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर आरोपियों ने सम्बासी माता मंदिर परिसर मे व जिले के अन्य मंदिरों में चोरी करना स्वीकार किया। चोरों से घटना मे प्रयुक्त मोटर साइकिल सहित कुल 50 हजार रूपए का मशरुका बरामद करने मे टीम द्वारा सफलता हासिल की गई।

# वारंटियों व फरार आरोपियों की धरपकड़ अभियान जारी

**ब्यावरा।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा वारंटियों एवं फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक धर्मराजसिंह मीणा के निर्देशन एवं एएसपी आलोक कुमार शर्मा एवं एसडीओपी ब्यावरा श्रीमती नेहा गौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ब्यावरा शहर वीरेन्द्रसिंह धाकड़ के नेतृत्व में थाना ब्यावरा पुलिस द्वारा जेएमएफसी न्यायालय ब्यावरा से जारी धारा 125(3) सीआरपीसी के वसूली वारंटी दिनेश पिता प्रभुलाल मालवीय निवासी पचोर को प्रधान आरक्षक देवेन्द्रसिंह मीना की मुखबिर सूचना पर पुलिस टीम ने बिना देरी किये चाय की दुकान बस स्टैण्ड पचोर से गिरफ्तार कर न्यायालय ब्यावरा में पेश किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी श्री धाकड़ सहित प्रधान आरक्षक देवेन्द्र सिंह मीना, थाना पचोर से आरक्षक जगदीश मीणा, सायबर सेल से प्रधान आरक्षक शशांक यादव का योगदान रहा।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए पंजीयन की अवधि 16 तक बढ़ाई

**ब्यावरा।** रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन करने के लिए पंजीयन की अवधि 01 मार्च 2024 तक निर्धारित की गई थी, जिसे समय-समय पर बढ़ाई जाकर 10 मार्च 2024 तक पंजीयन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए किसानों को अंतिम अवसर प्रदान करने के लिए पंजीयन की अवधि 16 मार्च 2024 तक बढ़ाई गई है।

# विश्व जल दिवस के उपलक्ष में 5 किलोमीटर की मैराथन दौड़ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

पानी बचाओ जागरूकता के उद्देश्य विश्व जल दिवस सप्ताह पर रविवार सुबह 5रू30 बजे नगर के समीप आठवें मिल पर 5 किलोमीटर मैराथन दौड़ प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें कुंडलिया पेय जल समूह योजना एल एन टी कम्पनी के प्रोजेक्ट मैनेजर अरुण हर्षा मेराथन दोड़ का हरी झंडी दिखाकर मैराथन दौड़ में भाग लेने वाले प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन किया एवं प्रतियोगिता में जो विजेता घोषित हुए हैं दिपक केवट,दिपक कुमार एव पवन राठौर को क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी द्वारा पुरस्कृत किया गया।एलएनटी कंपनी के स्टाफ द्वारा श्री दांगी का साफा बांधकर स्वागत किया गया विधायक श्रीदांगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि मध्यप्रदेश शासन की योजना से हमारे क्षैत्र के कुण्डालिया डेम से गांव-गाव में घर -घर नल कनेक्शन दिये एवं हर घर -घर टोटी से पानी आने लगा है यह खुशी की बात है परंतु बाकी गांव और बचे हैं उन्हें भी शीघ्र घर-घर नल कनेक्शन उपलब्ध कराऐ । जिससे कि दिनो दिन पानी की समस्या से ग्रामीण क्षेत्र मे निजात मिलेगी। इस मौके पर शर्फउद्दीन अहमद, उत्कृष्ट गुप्ता, सतीश चन्द्र झा, दिलिप सिंह, उमेश सिंह, दूर्योधन साहू, कुलदीप भारिल, कृष्ण मुरारी मिश्रा, अभीजीत चटर्जी, फेजान खान, अभीषेक यादव सहित एल एन टी कम्पनी के स्टाफ व मेराथन दौड़ में प्रतियोगी उपस्थित रहे।

### सीएम राइज स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया 16 से

**विदिशा।** स्कूल शिक्षा विभाग ने सीएम राइज स्कूलों में प्रवेश की गाइड लाइन जारी कर दी है। इसके अनुसार 16 मार्च से प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। जिन स्कूलों के भवन निर्माण पूर्णता की ओर हैं तथा माह जून 2024 तक प्राप्त होने की संभावना है, उनमें प्रवेश संबंधी विस्तृत गाइड लाइन अलग से जारी की जाएगी। आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग की ओर से प्रदेश के सभी डीईओ को जारी की गई गाइड लाइन के अनुसार कक्षा 6 और 9 में एंकर स्कूल (जिसे सीएम राइज स्कूल से अटैच किया गया है) तथा इसके कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों के प्रवेश पूरे होने के बाद ही खाली स्थानों पर प्रवेश दिए जाएंगे।

## बीच-बचाव में गुस्साए अध्यक्ष पति ने सहायक यंत्री को पीटा, दोनों पक्ष शिकायत लेकर पहुंचे थाने

# भाजपा जनपद अध्यक्ष और सहायक यंत्री के बीच कार्यालय में हुई कहासुनी

### सरपंचों से 10-20 राशि टीएसके नाम पर लेता सहायक यंत्री : जनपद अध्यक्ष सीमा सुनील नैनावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर



जन प्रतिनिधियों अधिकारी, कर्मचारीयों में समन्वय नहीं बैठने की बात के मामले अक्सर समाचार पत्रों में पढ़ने को मिल ही जाते हैं, ऐसा ही एक मामला आज दोपहर को जनपद पंचायत खिलचीपुर में आज देखने को मिला कि जनपद अध्यक्षा सीमा - सुनील नैनावत ओर सहायक यंत्री मिथुन शाक्य के बीच जनपद अध्यक्षा कार्यालय में कहा सुनी हुई आपस में दोनों पक्ष गाली गलौच पर उतारू हो गए, बात इतनी बढ़ गई कि आपस में झूमा-झटकी होने लगी और अध्यक्ष पति ने सहायक यंत्री मिथुन शाक्य को पीट डाला।

#### दोनों पक्ष अपनी-अपनी शिकायत लेकर थाने पहुंचे

जब मीडिया ने पुलिस थाने में मौजूद जनपद अध्यक्षा सीमा व अध्यक्ष पति सुनील से चर्चा की तो अध्यक्षा ने बताया सहायक यंत्री सरपंचों से टी एस करने के नाम पर 10-20, प्रतिशत राशि मांगते हैं राशि नहीं देने पर सरपंचों की टीम एस नहीं करते हैं सरपंच गण मेरे पास शिकायत लेकर आते हैं यह गलत है, इसी बात को लेकर मैंने सहायक यंत्री को मेरे चेंबर में फोन लगा कर बुलाया था तभी बात ही बात में कहासुनी हुई मुझे जाति सूचक शब्द कंजर कहा इसी बात को लेकर मेरे पति ने गुस्से में आकर सहायक यंत्री को झूम झटकी की है ।



#### मैं थाने में अपने पति के साथ रिपोर्ट दर्ज करने आई हूं मेरे साथ न्याय किया जाए

वहीं जब मीडिया ने सहायक यंत्री मिथुन शाक्य से पूछा तो बताया मुझे जनपद अध्यक्षा का फोन आया था कि आप मेरे चेंबर में आये मुझे आपसे कार्यालय संबंधित कुछ बातों पर चर्चा करनी है थोड़ी देर बाद अध्यक्ष के पति सुनील का फोन आया अभी चेंबर में आओ आपको अध्यक्ष साहब बुला रही है, तभी में अध्यक्षा के चेंबर में पहुंचा तो पहले से ही चेंबर में 4- 5 सरपंच लोग बैठे थे उन्हें अध्यक्षा ने बाहर निकाल दिया और मुझे बुलाकर चेंबर का गेट लगाकर बात करने लगी कहने लगी आप दो-दो विधायकों की बात मानते हो लेकिन मेरे अध्यक्ष होने पर भी मेरी बात नहीं मानते आप टी एस करने के नाम पर सरपंचों से 20: राशि मांग रहे हो यह गलत है। मे एक करोड़ राशि खर्च कर अध्यक्ष बनी हूं ढाई लाख रुपया महीना मेरा ब्याज चल रहा है तुम मुझे मदद नहीं करते ओर मेरे साथ मारपीट करने लगे।

#### मामला दर्ज किया है

सहायक यंत्री मिथुन शाक्य की रिपोर्ट लिख ली है, भाजपा अध्यक्ष पति व 1 अन्य साथी पर 353, 332, 342, 294, 506, 34 के तहत मामला दर्ज किया है।

**प्रवीण जाट** थाना प्रभारी खिलचीपुर